>

Title: Regarding issuance of alleged illegal armed licence in Banswara district, Rajasthan- Laid

श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा): मेरे निर्वाचन क्षेत्र बाँसवाड़ा जिले के गढ़ी विधान सभा के उपखण्ड कार्यालय में कथित रूप से अवैध लाइसेंस जारी करने का बहुत बड़ा मामला सामने आया है ।

उपखण्ड कार्यालय गढ़ी, जिला बॉसवाड़ा, राजस्थान में लम्बे समय से कथित फर्जी तरीके से अवैध लाईसेंस जारी किए हैं जिसकी संख्या 75/2020 रिकार्ड दर्ज हुई है ।

टोपीदार बंदूकों के धड़ल्ले से लाईसेंस जारी करने के मामले में एक और चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है कि पहले सिस्टम में सेंध लगाकर कथित रूप से अवैध लाईसेंस की बंदरबांट की गई और बाद में चुनाव के दौरान इन अवैध हथियारों को बिना कि सी सरकारी रिकार्ड के थाने में जमा भी करवा दिया और आचार संहिता हटते ही वापस इन्हें बंदूक मालिक को दे दिया गया ।

यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर सरकारी रिकार्ड में जब इन 65 बंदूक धारियों के लाईसेंस थे ही नहीं तो आखिर थाने में इन्होंने हथियार जमा कैसे कराए? क्या इनका रिकार्ड तक नहीं जांचा गया?

गढ़ी तहसील क्षेत्र में कथित अवैध हथियारों का होने की संभावनायें हैं । यह क्षेत्र अति संवेदनशील है । पूर्व में परतापुर-गढ़ी में व डूंगरी में दो समुदायों के बीच झगड़ा हो चुका है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करता हूँ और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए ।